राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:-registrar.rmpu@gmail.com

पत्रांकः–आर०एम०पी०यू० /422/ 2025 दिनांकः– 01 मार्च, 2025

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त महाविद्यालय,
संबद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ।

विषयः–पढे विश्वविद्यालय/बढ़े विश्वविद्यालय एवं पढे महाविद्यालय /बढे महाविद्यालय कार्यक्रम के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक राज्यपाल सचिवालय, उ०प्र०, लखनऊ के पत्र स० ई–1314/जी.एस./2025 दिनांक 25 फरवरी 2025 का सन्दर्भ ग्रहण करें। जिसमें माननीय कुलाधिपति महोदया की प्रेरणा से पढ़े विश्वविद्यालय /बढ़े विश्वविद्यालय एवं पढ़े महाविद्यालय / बढ़े महाविद्यालय कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 07–03–2025 को पूर्वान्ह 11 बजे से मध्यान्ह 12 बजे तक आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। इस कार्यक्रम का अपने महाविद्यालय में आयोजन निर्धारित दिनांक और समय पर निम्नवत बिन्दुओं को ध्यान में रखकर किया जाये।

(1) कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी छात्र–छात्राओं का पंजीकरण महाविद्यालय द्वारा किया जाये (प्रतिभागी का नाम, कक्षा, पिता का नाम, मोबाइल न०, महाविद्यालय का नाम)

(2) नियत समय पर सभी छात्र–छात्राओं का पूर्व में ही अपने परिसर में स्थान का निर्धारण कर लिया जाये, छात्र–छात्राऐं कक्षा हाल, विभाग, लाईब्रेरी या किसी परिसर में बैठ सकते है।

(3) परिसर या लॉन में छात्रगण किसी आकृति बनाकर जैसे – ज्यामितीय, गोलाकार आदि उसमें भी पुस्तक का पाठन कर सकते है। है।

(4) प्रत्येक छात्र–छात्राओं एवं शिक्षकगण के हाथ में अपने विषय की पुस्तक होना आवश्यक है। पढ़ते समय आवाज नहीं होनी चाहिए।

(5) कार्यक्रम की जियोटैग फोटोग्राफ एवं अधिकतम 30 सेकेन्ड का वीडियो अवश्य बनाये जायें।

(6) पुस्तक का पाठन कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं को पुस्तक से स्वतः ही पढ़ना है।

कार्यक्रम को आयोजित होने के उपरान्त इसकी जियोटैग फोटोग्राफ, वीडियो, रिपोर्ट संलग्न प्रारूप अनुसार एक्सल शीट में registrar.rmpu@gmail.com दिनांक 07–03–2025 को समय सांय 04:00 बजे तक अवश्य भेजना सुनिश्चित करें।

संलग्नकः यथोपरि

भवदीय

01/03/25

(वी0के0 सिंह)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. वित्त अधिकारी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. परीक्षा नियंत्रक, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
3. प्रो० नीता वार्ष्णेय, कार्यक्रम संयोजिका, (पढे विश्वविद्यालय/बढे विश्वविद्यालय एवं पढे महाविद्यालय /बढे महाविद्यालय) राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़। ।
4. निजी सचिव, कुलपति राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़।

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner

ई–मेल द्वारा

राज्यपाल सचिवालय, उ०प्र०

लखनऊ–226027

संख्याःई– 1314/32–जी0एस0/2025

दिनांकः 28 फरवरी, 2025

प्रेषकः

श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

कुलपति/निदेशक
समस्त राज्य विश्वविद्यालय/संस्थान
उत्तर प्रदेश।

महोदय/महोदया,

कृपया दिनांक 13.02.2025 एवं 21.02.2025 को हुयी बैठक का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें माननीया कुलाधिपति महोदया की प्रेरणा से **"पढ़े विश्वविद्यालय/बढ़े विश्वविद्यालय एवं पढ़े महाविद्यालय/बढ़े महाविद्यालय"** कार्यक्रम दिनांक 07.03.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। निर्देशानुसार कृपया उक्त कार्यक्रम को पूर्ण करने में निम्नवत् बिन्दुओं का ध्यान रखा जायः–

1. इस कार्यक्रम के अन्तर्गत विश्वविद्यालय एवं उससे सम्बद्ध महाविद्यालयों के छात्रगण, शिक्षकगण एवं अन्य समस्त कार्मिक एक साथ अपने पसन्द की पुस्तक पढेंगें।
2. कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों का पंजीकरण विश्वविद्यालय स्तर पर किया जायेगा, जिसमें प्रतिभागी का नाम, पता, मोबाइल संख्या आदि का स्पष्ट अंकन होगा।
3. पुस्तक पढने हेतु स्थान का निर्धारण कर लिया जाय।यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय/महाविद्यालय अपने–अपने परिसर में आयोजित करेंगें।
4. जहॉ तक सम्भव हो पुस्तक का पाठन एक आकृति बनाकर किया जाये। विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गये गावों को भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित किया जाय।
5. कार्यक्रम का जीओ टैग फोटोग्राफ एवं अधिकतम 30 सेकेण्ड का वीडियो बनाया जाय।

इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपर्युक्त कार्यक्रम आयोजित करते हुए कार्यक्रम की जीओ टैग फोटोग्राफ्स एवं अधिकतम 30 सेकेण्ड का वीडियो, पेन ड्राइव पर तथा कार्यक्रम के सम्बन्ध में आख्या व पुस्तक पाठन में प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रतिभागियों की संख्या संलग्न निर्धारित प्रारूप पर भौतिक रूप से दिनांक 08.03.2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक इस सचिवालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

28/2/25

(डॉ. सुधीर एम. बोबडे)
कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव

संलग्नकः यथोक्त।

Scanned with OKEN Scanner

राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़
Email:-registrar.rmpu@gmail.com

प्रारुपः—

पढे विश्वविद्यालय /बढे विश्वविद्यालय एवं

पढे महाविद्यालय /बढे महाविद्यालय

राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़			
महाविद्यालय का नाम	कार्यक्रम में प्रतिभागियों (छात्र/छात्राओं) की संख्या	कार्यक्रम के अन्य प्रतिभागी (शिक्षकगण/कर्मचारी) की संख्या	कुल संख्या

Scanned with OKEN Scanner